RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 185 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# पीएम के दौरे से कुछ लोगों के पेट में हो रहा दर्द - शिंदे

## मुख्यमंत्री ने साधा विपक्षी नेताओं पर निशाना...

मुंबई : शिर्डी में काकडी गांव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्षी नेताओं की खबर ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि पीएम के महाराष्ट्र दौरे से कई लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जिस परियोजना का उद्घाटन करते हैं, वह परियोजना हवा की गति से पूरी होती है। उनके हाथ में सफलता का पारस है, जिसे हाथ लगा देते हैं, वह सोना बन जाता है, इसलिए हम उन्हें समय-समय पर महाराष्ट्र में भूमिपूजन के लिए बुलाते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के महाराष्ट्र दौरे की वजह से कई लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, लेकिन हमें उनकी तरफ देखना नहीं है। ऐसे पेट दर्द से पीड़ित लोगों के लिए हमने बाला साहेब ठाकरे आपला दवाखाना शुरू किया है। वहां मुफ्त में इलाज किया जाता है। शिंदे ने कहा कि राज्य में हमारी सरकार आने के पहले ढाई साल तक महाराष्ट्र में विकास के काम बंद थे, लेकिन हमारी सरकार आने के बाद विकास कार्यों को गति दी गई और कई नई परियोजनाएं शुरू की गई। राज्य का विकास करने के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है। राज्य के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी से जिस बात की मांग की गई, उसे उन्होंने पूरा किया।

### इसलिए गए पीएम मोदी के साथ: अजित पवार

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि पिछले साढ़े नौ से दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कामकाज देखा जाए तो वे साईबाबा के ''सबका मालिक एक'' के मंत्र की तरह ''सबका साथ, सबका विकास'' की नीति के अनुसार देश को आगे ले जा रहे हैं। महाराष्ट्र ने हमेशा राष्ट्र के बारे में सोचा है, जब-जब देश संकट में आया, तब-तब महाराष्ट्र देश के साथ खड़ा हुआ है। यशवंतराव चव्हाण ने यह भूमिका बार-बार ली। आज मोदी उसी भूमिका से देश को मजबूत करने का काम कर रहे हैं, इसलिए हमने उनके साथ जाने का फैसला किया। अजित पवार ने कहा कि मुझे याद है कि 53 साल में कितनी बार निलवंडे बांध का नारियल तोड़ने का काम कई राजनेताओं ने किया। चुनाव आए तो कहा गया कि हम निलवंडे परियोजना पूरी करेंगे, यह कहा जाता था। देखते-देखते तीन पीढ़ियां गुजर गई। यह साढे आठ टीएमसी का बांध है, जिससे पौने दो लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई होगी।

## यह काम पीएम मोदी ही कर सकते हैं: फडणवीस



उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र का 50 फीसदी हिस्सा सूखा प्रभावित है। जहां-जहां बारिश कम होती है, वहां पानी की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जब तक वहां पानी उपलब्ध नहीं हो जाता, तब तक महाराष्ट्र से किसान आत्महत्या का कलंक समाप्त नहीं हो पाएगा। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह काम पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी वाहिनी की नदियों से जो पानी समुद्र में बह जाता है, उसे गोदावरी नदी में लाकर अहमदनगर, नाशिक सहित संपूर्ण मराठवाडा का सुजलाम-सुफलाम किया जा सकता है। इसके लिए हमने लिए पूरा सिस्टम, पूरा ढांचा तैयार कर लिया है। हम विदर्भ में वैनगंगा नदी के बर्बाद हो रहे पानी को विदर्भ के सूखाग्रस्त इलाकों में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। हम विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तरी महाराष्ट्र के तीनों हिस्सों को स्थायी रूप से सूखा मुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद की जरूरत है। फडणवीस ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में मराठवाड़ा, विदर्भ और उत्तरी महाराष्ट्र में अगली पीढ़ी को सूखा नहीं देखना पड़ेगा।

## चेंबूर इलाके में स्कूल वैन का ड्रायवर छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार



**मुंबई :** चेंबूर इलाके में एक स्कूल वैन ड्राइवर ने कार में अकेली छात्रा को अपने मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा की मां की शिकायत के आधार पर तिलकनगर पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 19 अक्टूबर को चेंबूर के तिलकनगर इलाके में हुई थी। पीड़िता 11 साल की लड़की एक स्थानीय स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ती है। 19 अक्टूबर को स्कूल से घर लौटते समय वह स्कूल वैन में अकेली थी। मौका पाकर आरोपी तुषार भालेराव ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस इलाके में वैन खड़ी की और लड़की को मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़खानी की। बच्ची चिल्लाई तो आरोपी ने उसे धमकाया और उसके घर के पास छोड़ दिया।

## उद्धव ठाकरे की मांग- जरांगे से मुलाकात करें पीएम मोदी

# हल करें मराठा आरक्षण का मुद्दा

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारंगे से मुलाकात करें और समुदाय के लिए आरक्षण के मुद्दे को हल करें। ठाकरे मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जालना जिले में मनोज जरांगे के अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने के एक दिन बाद यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। मंगलवार को मुंबई में आयोजित अपनी पार्टी की दशहरा रैली में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने भाषण में मंच पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने झुककर मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान करने का संकल्प लिया।

वहीं, मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि



मन्नत मांगना और फिर देरी करने की रणनीति अपनाना कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा, 'सरकार को मराठा आरक्षण प्रदर्शनकारियों को बताना चाहिए कि इसका क्या रास्ता है। अगर कोई रास्ता है तो सरकार इस मुद्दे को हल क्यों नहीं कर रही है?'

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री का स्वागत करता हूं, लेकिन उन्हें जरांगे से मिलना चाहिए और मराठा समुदाय को आरक्षण देने के मुद्दे को हल करना चाहिए।'' पीएम मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के शिरडी के दौरे पर हैं। उन्होंने शिरडी में श्रद्धेय श्री साईबाबा समाधि मंदिर में पूजा और प्रार्थना की। बाद में उन्होंने अहमदनगर जिले में स्थित निलवंडे बांध का 'जल पूजन' किया और बांध के बाएं किनारे के नहर नेटवर्क का उद्घाटन किया। मराठा आरक्षण आंदोलन का चेहरा बन चुके मनोज जरांगे ने बुधवार को जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराटी में भूख हड़ताल शुरू की, क्योंकि समुदाय को आरक्षण प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के समक्ष निर्धारित 40 दिन की समय सीमा 24 अक्तूबर को समाप्त हो गई है।

## महाराष्ट्र में कलयुगी बेटे की

# खौफनाक करतूत

### मां को पहले किया लहूलुहान, फिर सूखी लकड़ियों पर लिटाकर लगा दी आग




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में कलयुगी बेटे की एक खौफनाक करतूत सामने आई है. 26 वर्षीय शख्स ने खाना परोसने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद अपनी ही मां को आग के हवाले कर दिया. पुलिस ने बताया है कि बुधवार (25 अक्टूबर) को वारदात के समय गंभीर रूप से झुलसी महिला ने आज (26 अक्टूबर) गुरुवार की सुबह अलीबाग के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है. महिला की पहचान चंगुना नामदेव खोत के रूप में हुई है, जबकि आरोपी बेटे का नाम जयेश है. वारदात को अंजाम देने के बाद वह फरार होने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे घेर कर जंगल से धर दबोचा है.

रिपोर्ट के मुताबिक घटना महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवदंडा के पास नवखार गांव में हुई. मंगलवार शाम खाना बनाने को लेकर शख्स का अपनी मां के साथ विवाद हो गया था. उस बुजुर्ग महिला ने शायद ही सोचा होगा कि नौ महीने तक कोख में ढोने के बाद जिस जिगर के टुकड़े को मिन्नतों से पाल-पोसकर बड़ा किया था, उसी के हाथों उसकी ऐसी खौफनाक परिणति होगी. पुलिस ने बताया है कि खाना परोसने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद आग बबूला हुए शख्स ने पहले मां की पिटाई की और उसके बाद जब वह लहुलुहान होकर घर में गिर पड़ी तो निर्दयी बेटा, बुजुर्ग को घसीटते हुए घर की खुली जगह में ले गया.




# संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## कनाडा का गलत रवैया

**विदेश मंत्री एस जयशंकर के ताजा बयान से अगर कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में हाल के दिनों में आई गरमी कम होने के संकेत मिलते हैं तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह याद रखना भी जरूरी है कि जिन वजहों से रिश्तों में तनाव आया, वे अभी ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। विदेश मंत्री का ताजा बयान कनाडियाइयों को वीजा जारी करने से जुड़ा है। विवाद का दूसरा और ज्यादा गंभीर पहलू भारत में कनाडा की राजनयिक मौजूदगी को संतुलित किए जाने का है, जिसके तहत उससे अपने राजनयिकों की संख्या कम करने को कहा गया था। भारत के कहे मुताबिक, कनाडा ने अपने 41 राजनयिक वापस बुला भी लिए, लेकिन ऐसा करते हुए भारत पर वियना कन्वेंशन के उल्लंघन का आरोप लगा दिया। अमेरिका और ब्रिटेन ने भी इस मामले में कनाडा के रुख का समर्थन किया है। भारत हालांकि कनाडा के इस आरोप को खारिज करते हुए कह चुका है कि डिप्लोमैटिक पैरिटी यानी राजनयिकों की मौजूदगी में समरूपता वियना कन्वेंशन के बिलकुल अनुरूप है। बहरहाल, अपने रुख पर अडिग रहते हुए भी भारत इस बात का खयाल रख रहा है कि उसके मित्र देशों में किसी तरह की गलतफहमी न पनपे।**

**यही वजह है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने उन कारणों की ओर भी इशारा किया, जो भारत को इस कड़े रुख की ओर ले गए। अगर किसी देश के राजनयिक मेजबान देश के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी करते पाए जाएंगे तो कोई भी स्वतंत्र और संप्रभु देश इसे कैसे बर्दाश्त कर सकता है। ध्यान रहे, भारत ने इन बातों की तरफ अभी सिर्फ संकेत किया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरह सार्वजनिक बयानबाजी का वह रास्ता नहीं चुना, जो दोनों देशों के बीच संबंधों में आई अभूतपूर्व गिरावट की सबसे बड़ी वजह बन गया है। हां, विदेश मंत्री ने यह भी कह दिया कि आगे अगर जरूरत होगी तो इससे संबंधित ब्योरे साझा किए जा सकते हैं। खैर, इसे लेकर भी किसी के मन में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए कि भारत की असली दिक्कत कनाडा की घरेलू राजनीति के उस हिस्से से है, जो खालिस्तानियों को खुला समर्थन अपनी नीति बना चुका है। उसकी वजह से वहां जिस तरह का माहौल बन रहा है और ट्रूडो सरकार उसे लेकर जिस तरह का ढीला-ढाला रवैया अपनाए हुए है, सारी समस्याएं उससे पैदा हो रही है। जब तक यह स्थिति नहीं बदलती तब तक संबंधों के समीकरणों में ठोस बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। लेकिन यह बात भी सही है कि वीजा जारी होने की प्रक्रिया बाधित होने का नुकसान आम लोगों को झेलना पड़ता है। इसलिए अगर राजनयिकों की सुरक्षा स्थिति बेहतर होती है तो यह सुविधा जल्द से जल्द बहाल होनी ही चाहिए। दोनों देशों की सरकारें अगर मौजूदा मतभेदों के बीच भी आम लोगों से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं की बहाली पर ध्यान दें तो यह एक अच्छा कदम होगा।**

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड़ सड़क किनारे अवैध झोपड़पट्टी बासने की चुनावों पूर्व भूमाफिया रच रहे साज़िश

**मुंबई (संवादाता)** आगामी लोकसभा विधानसभा, महापालिका चुनावों की आहट होते ही बड़े पैमाने पर आसमाजिकतत्व के अलावा सफेद पोश नेता जनप्रतिनिधि भी अब भूमाफियाओ की भूमिका मे सक्रिय हो चुके है । जिसको लेकर चुनावों पूर्व ही ऐंसे किस्म के लोगों के आकाओ द्वारा टार्गेट दे दिया गया है की 7 किलो मीटर लंबे लिंक रोड़ पर जहाँ जहां रिक्त पड़े सरकारी भूखंड दिखाई दे रहे है। वहां पर अवैध झोपड़पट्टी दुकान, गोदामो को बांधकर खड़ा कर दिया है । जिसे भूमाफियाओ द्वारा लाखों रुपए कीमत का झोपडा दुकाने, गोदामो को बेचा और किराये पर उठाये जा रहा है। कहा जाता है की लिंक रोड़ पर मानखुर्द टी सिग्नल से लगाकर मंडाला स्कैप खाडी से लगे नैसर्गिक



खाडी को केमिकल के ड्रम खाली कर मैंग्रोज खत्म कर के अवैध गोदामो को बनाकर लाखों रुपए मे बेचने का गोरख धंधा सक्रिय रूप से चल रहा है भ्रस्ट प्रशासनिक स्वराज संस्था मनपा कलेक्टर कार्यालय ,महाड़ा, एम एम आर डी ए मे पदस्त संबंधित अधिकारियों की मिली भगत के चलते शुरू है। उसके बाद साठे नगर के बगल का पार्किंग का मैदान पर सैकड़ों की तादाद मे अवैध झोपड़पट्टी बनाकर खड़ा कर दिया है। कहा जाता है की लिंक रोड़ पर ही फायर ब्रिगेड के बगल मे ट्रांजिट कैंप मे भितरी खाडी से लगे हिस्से मे अवैध झोपड़पट्टी खड़ी की जा रही है। बताते है की लिंक रोड़ पर प्रशासनिक तोड़क कर ध्वस्त जमीन दोज गई दुकाने घरों को दुबारा से बनाकर बेचा जा रहा है। बताते है की एम एम आर डी ए प्रशासनिक अधिकारियों ने तोड़क करवाई के दौरान प्रकल्प बाधितो कों शिफ्टिंग मुहैया करवाने के बाद भी डांटे हुए है भूमाफिया के तौर पर डबल से हथीयाने मे लगे है । तीसरा शंकरा कॉलोनी की दो एकड़ जमीन को राजनीतिक भूमाफियाओ ने पहले ही आर पी आई के बैनेर तले केंद्रीय मंत्री रामदास आठवाले के संरक्षण मे माथाडी के लिए आरक्षित करवाने मे सफल हुए है। जिसके कारण भूमाफियाओ के बढ़े हुए हौसले ने शंकरा कॉलोनी के नाले से लगाकर सीधा छेडा नगर तक अवैध तरीके से कई वर्षो से झोपड़पट्टी को बसाने मे अब सफल होते दिखाई दे रहे है। जिसकी मुख्य वजह भूमाफियाओ द्वारा एम पूर्व विभाग की सहायक आयुक्त अलका सासाने और एम पूर्व/पश्चिम मनपा उपायुक्त हर्षद काले को मोटी रखम देकर बसाने का दावा करने मे लगे है ।

# शिवसेना शिंदे गुट विधायक मंगेश कुंडलर्क ने जनता के लिया मुफ्त एंबुलेंस सर्विस




**मुंबई :** मुंबई शिवसेना प्रमुख नेता , मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आशीर्वाद से सांसद श्रीकांत शिंदे मार्गदर्शन सहित कुर्ला विधानसभा के कार्यसम्राट विधायक मंगेश कुडाळकर अथक प्रयासों से विजयादशमी व दशहरा के शुभ मुहूर्ता पर कुर्ला विधान सभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए उपहार स्वरूप एंबुलेंस का लोकार्पण किया उल्लेखनीय तौर पर उपरोक्त एंबुलेंस कुर्ला विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए मुफ्त मे उपलब्ध है ।इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए मध्यवर्ती कार्यालया मे आकर इ्रोहन पाटील संपर्क करिये।

# मराठा आरक्षण के खिलाफ मुकदमा लड़ने वाले वकील गुणरत्न सदावर्ते के मुंबई आवास के बाहर तोड़-फोड़



**मुंबई :** महाराष्ट्र में मराठा आरंक्षण के खिलाफ मुकदमा लड़ने वाले वकील गुणरत्न सदावर्ते के मुंबई आवास के बाहर तोड़-फोड़ की गई। गुरुवार की सुबह उनके आवास के बाहर उनके वाहनों को तोड़ दिया गया। पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है। अपने आवास के बाहर हुए इस घटना पर वकील गुणरत्न सदावर्ते ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'जब तक मेरे नसों में खून चल रहा है, तब तक मैं गैर आरक्षित वर्ग के छात्रों के लिए लड़ना जारी रखूंगा। मैं अपने देश को वर्ग के आधार पर बंटने नहीं दूंगा। हम 'जय श्री राम' और 'वंदे मातरम' कहते हैं। आज मेरे वाहनों को तोड़ा गया। शायद मेरी हत्या भी कर दी जाए, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगा। मैं नहीं डरूंगा।'

# मुंबई में दिव्यांग महिला को विवाह पंजीकरण के लिए दूसरी मंजिल तक जाने को किया मजबूर... अधिकारी निलंबित!

**मुंबई :** दिव्यांग महिला को शादी के पंजीकरण के लिए मुंबई के खार में विवाह पंजीयक के दूसरी मंजिल पर स्थित कार्यालय में जाने के लिए मजबूर करने के मामले में एक विवाह अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र राजस्व विभाग ने बुधवार को एक सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी कर अधिकारी अरुण घोडेकर को निलंबित कर दिया।

व्हीलचेयर का उपयोग करने वाली और खुद को दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता बताने वाली विराली मोदी




ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया मंच 'एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में दावा किया था कि उन्हें उनकी शादी के दिन शहर में विवाह पंजीयक (रजिस्ट्रार) के दूसरी मंजिल स्थित कार्यालय जाना पड़ा क्योंकि इमारत में कोई लिफ्ट नहीं थी और अधिकारियों ने औपचारिकताएं पूरी करने के लिए नीचे आने से इनकार कर दिया। उन्होंने पूछा, यह कैसे उचित है? सुगम्य भारत अभियान का क्या हुआ? सिर्फ इसलिए कि मैं व्हीलचेयर का इस्तेमाल करती हूं, क्या मुझे उस व्यक्ति से शादी करने का अधिकार नहीं है जिससे मैं प्यार करती हूं? अगर कोई फिसल गया होता तो क्या होता और अगर मैं अपनी शादी के दिन गिर जाती तो क्या होता? कौन जिम्मेदार है? कई बार साझा किए गए पोस्ट पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया भी आई थी और उन्होंने घटना पर खेद जताया था। उन्होंने सुधारात्मक एवं उचित कार्रवाईकरने का आश्वासन भी दिया।




# 31 वर्षीय शख्स ने लोकल ट्रेन के सामने आकर की आत्महत्या...


## पत्नी की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज



**मुंबई :** कल्याण जीआरपी ने एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्ररित करने की शिकायत दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक लोकल के सामने आत्महत्या करनेवाले शख्स का नाम आकाश हरिगोविंद राय (31) है। आत्महत्या से पहले उसने वाट्सअप पर मैसेज डाला कि वह आत्महत्या कर रहा है। जिसके लिए उसने अपने इलाके में ही रहनेवाले एक शख्स को जिम्मेदार बताया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात के वक्त विठ्ठालवाड़ी से कल्याण स्टेशन के बीच राय का शव पटरी पकर पड़ा मिला था। मामले की जानकारी कल्याण रेलवे पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में पहले तो एडीआर दर्ज किया। लेकिन बाद में घर में मौजूद पत्नी का स्टेटमेंट दर्ज किया गया। जिसके बाद पत्नी की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया। शिकायत में कहा गया कि महिला के पति आकाश ने आत्महत्या करने के पहले उनजे पारिवारिक वाट्सअप ग्रुप पर मैसेज डाला। उस मैसेज में लिखा था कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। इस आत्महत्या के लिए उसी इलाके में रहनेवाले शख्स को जिम्मेदार ठहराते हुए उसका नाम लिखा। उसीके के वजह से आत्महत्या किये जाने की जानकारी उसने वाट्सअप पर दी। इसीके बाद पुलिस हरकत में आई और मामले में पत्नी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

# पालघर में वन विभाग के क्लर्क ने 'दृश्यम' फिल्म से आइडिया लेकर अपने दोनों बहनों को उतारा मौत के घाट

**मुंबई :** मुंबई से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. दरअसल यहां दो अविवाहित बहनों की हत्या हुई थी. इस वारदात में पुलिस को पहले शक था कि किसी रिश्तेदार ने दोनों बहनों को जहर दिया.लेकिन जब इस हत्या की सच्चाई पुलिस ने सामने लाई तो हर कोई सुनने वाले हैरान रह गए. दोनो बहनों की हत्या एक प्लान के तहत उसके ही भाई ने की. एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गणेश मोहिते, जो पालघर में वन विभाग में क्लर्क है, जो अपनी दो अविवाहित बहनों से तंग आ गया था. इसलिए उसने बॉलीवुड फिल्म 'दृश्यम'से प्रेरित होकर अपनी बहन को मारने का खौपनाक ऐसा प्लान बनयाा की हत्या करके दोषी किसी रिश्तेदार को ठहराने की साजिश रची. इसी उद्देश्य से उसने जांच अधिकारियों और अपनी मां तक के दिमाग में यह बात डाली कि रिश्तेदार ने उनके पीने के पानी में जहर मिला दिया था, जिसे उसकी बहनों ने पी लिया और उनकी मृत्यु हो गई. रिपोर्ट के मुताबिक 15 अक्टूबर को गणेश अपने परिवार




को एक नवरात्रि कार्यक्रम के लिए ले गया. उसे यह पता था कि अगर उसने पालघर में अपनी बहनों की हत्या की तो शक उसी पर होगा. लेकिन वह पालघर से दूर जाकर रेवदंडा में वह हत्या करेगा तो उसका आरोप उसके रिश्तेदार पर आसानी से लग सकता था. घटना को अंजाम देने के लिए गणेश ने अपनी बहनों के लिए तत्काल सूप बनाया और उसमें चूहे का जहर मिला दिया. सूप पीने के बाद, उसने अपनी मां से पीने का कुछ पानी लाने को कहा जो बाहर बरामदे में एक कंटेनर में था और फिर नवरात्रि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निकल गया. घर से निकलने के बाद उसे अपनी बहनों का फोन आया कि वह अच्छा महसूस नहीं कर रही हैं. गरबा के बहाने गणेश जानबूझकर देर से घर पहुंचा और अपनी बहनों को सिविल अस्पताल ले गया, जहां 17 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई. तब तक, दूसरी बहन स्नेहा भी गंभीर स्थिति में पहुंच गई. उसे कामोठे के एमजीएम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था, जहां 20 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई.

**हत्या कर बचने का प्लान**

गणेश ने स्नेहा जो 20 अक्टूबर तक जीवित रही और मां के दिमाग में डाला कि उनके रिश्तेदार जिनके साथ उनका पहले कुछ संपत्ति विवाद के कारण झगड़ा हुआ था,तो उन्होंने बरामदे में पीने के पानी में जहर मिलाया था.

**ऐसे पदार्फाश किया हत्या का प्लान**

जानकारी के मुताबिक 21 अक्टूबर को मामला लोकल क्राइम ब्रांच (छउइ) को ट्रांसफर कर दिया गया और रिश्तेदार से पुलिस ने पूछताछ की उसी दौरान पुलिस को पता चला कि उन्होंने अपने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं.

# मनपा का कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य



**भायंदर :** मिरा-भायंदर मनपा के माध्यम से शहर में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी से सम्बंधित फलक(बोर्ड) लगाना होगा अनिवार्य ऐसा आदेश मनपा आयुक्त/प्रशासक संजय काटकर ने जारी किया है, साथ इन नियमों का अधिकारियों द्वारा अनदेखी या पालन नहीं किये जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। गौरतलब है मि.भा. मनपा द्वारा शहर में जन हितार्थ से सम्बंधित विभिन्न स्थानों पर भिन्न प्रकार के कार्यकिये जाते हैं,अतः शहर के नागरिकों को भी ऐसे विकास कार्यों के बारे में जानकारी होनी चाहिए जिससे प्रशासन द्वारा किये जाने वाले कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी। इसलिए अब शहर में निजी और सरकारी चल रहे सभी प्रकार के विकास कार्यों की जानकारी देने वाला सूचना बोर्ड अनिवार्य होगा।

# मलाबार हिल जलाशय बना चर्चा का विषय... पुनर्निर्माण पर 698.5 करोड़ रुपए खर्च



**मुंबई :** मलाबार हिल जलाशय इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे तोड़कर नए सिरे से बनाना है या इसकी मरम्मत करनी है, इस पर जनता और सरकार आमने सामने आ गई है। सरकार की अगुवाई में काम करने वाली मनपा इस जलाशय को तोड़कर नए सिरे से 'न्यू मलाबार हिल'जलाशय बनाना चाहती है, लेकिन जनता इसके खिलाफ है। अब इस मामले में नया विवाद खड़ा हो गया है। तीन इंजीनियरों ने इसे तोड़कर नया बनाने की योजना में भ्रष्टाचार होने का अंदेशा जताया है। उनका कहना है कि इसे तोड़कर नया बनाने में हजारों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार हो सकता है। इस संदर्भ में उन इंजीनियरों ने मनपा आयुक्त को पत्र भी लिखा है। मनपा सूत्रों के अनुसार, जलाशय के पुनर्निर्माण पर लगभग ६९८.५ करोड़ रुपए खर्च करने की उम्मीद है।

# कृत्रिम बारिश कराने के 'क्लाउड सीडिंग' के प्रयोग से महाराष्ट्र के सोलापुर में 18% अधिक वर्षा: स्टडी

**मुंबई :** एक अध्ययन से पता चला है कि दक्षिण-पश्चिम महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र में कृत्रिम रूप से बारिश कराने के लिए 'क्लाउड सीडिंग'के प्रयोग से सामान्य परिस्थितियों की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक बारिश हुई. 'क्लाउड सीडिंग'सूखी बर्फ या सामान्यतः सिल्वर आयोडाइड एरोसोल के बादलों के ऊपरी हिस्से में छिड़काव की प्रक्रिया है ताकि वर्षण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करके वर्षा कराई जा सके. 'क्लाउड सीडिंग'में छोटे कणों को विमानों का उपयोग कर बादलों में फैला दिया जाता है. छोटे-छोटे कण हवा से नमी सोखते हैं और संघनन से उसका द्रव्यमान बढ़ जाता है. इससे जल की भारी बूंदें बनकर वर्षा करती हैं. 'क्लाउड सीडिंग'से वर्षा दर प्रतिवर्ष लगभग 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है और क्लाउड सीडिंग के संचालन में विलवणीकरण प्रक्रिया की तुलना में बहुत कम लागत आती है.



अमेरिकन मौसम विज्ञान सोसायटी (बीएएमएस) के बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन के नतीजों में पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान और अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों ने पाया कि 'हाइग्रोस्कोपिक क्लाउड सीडिंग'ने सोलापुर में 100 वर्ग किलोमीटर तक फैले वर्षा छाया क्षेत्र में वर्षा को बढ़ा दिया है.

'हाइग्रोस्कोपिक सीडिंग' 'क्लाउड सीडिंग'का एक तरीका है जिसमें बादलों के निचले हिस्से में यानी शून्य डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान की ऊंचाई वाले बादलों में कैल्शियम क्लोराइड के कणों का छिड़काव किया जाता है. क्लाउड एयरोसोल इंटरेक्शन एंड पर्सिपिटेशन एन्हांसमेंट एक्सपेरिमेंट के परियोजना निदेशक थारा प्रभाकरन ने से कहा, ''क्लाउड सीडिंग वाले स्थान के नीचे की ओर 100 वर्ग किलोमीटर तक फैले क्षेत्र में राडार अवलोकन के अनुसार 'सीडिंग'श्रेणी के बादलों में वर्षा में 18 प्रतिशत की सापेक्ष वृद्धि हुई थी.''

**प्रभाकरन इस सप्ताह की शुरूआत में 'बीएएमएस'में प्रकाशित अध्ययन के लेखकों में से एक हैं.**

क्लाउड सीडिंग प्रयोग 2017-19 के बीच किया गया था, जिसमें वैज्ञानिकों ने प्रक्रिया की प्रभावशीलता का परीक्षण करने के लिए 276 बादलों का मूल्यांकन किया था, जिसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक परियोजना के तहत एक विशेष विमान के माध्यम से अंजाम दिया गया था. सभी माप स्वचालित वषार्मापी, राडार, रेडियोमीटर और विमान जैसे अत्याधुनिक उपकरणों के विस्तृत नेटवर्क का उपयोग करके किए गए थे. वैज्ञानिकों ने बर्फ और पानी दोनों ठंडे बादलों में 'ग्लेशियोजेनिक सीडिंग'विधि भी अपनाई. इस प्रक्रिया में बर्फ के कणों के उत्पादन को बढ़ाने और बादल के ठंडे हिस्से से बारिश को बढ़ाने के लिए आइस-न्यूक्लियेटिंग (स्वतः बर्फ जमने की प्रक्रिया) सिल्वर आयोडाइड कणों का उपयोग करते हैं.

# दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कर लौटे लोगों पर बोईसर में भीड़ ने किया जानलेवा हमला, 5 लोग जख्मी

**बोईसर :** बोईसर में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कर लौटे लोगों पर मंगलवार की रात लाठी डंडों से लैस भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे पांच लोग घायल हो गए। घटना बोईसर के गणेश नगर - काटकर पाड़ा इलाके की है। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए, जिन्हें पुलिस तलाश रही है। मिली जानकारी के मुताबिक गणेश नगर के जय हिंद मित्र मंडल की ओर से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का मंगलवार रात कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मां दुर्गा के भक्त भक्ति संगीत के बीच विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी बीच कुछ लोग जबरन उनके बीच घुस आए और रोकने पर भड़क गए और तब वह मौके से चले गए लेकिन विसर्जन के बाद लौटने के बाद वह जय हिंद मित्र मंडल के लोगों से फिर भीड़ गए। और इसके बाद लाठी डंडों से लैस 30 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया और पांच लोगों को पीट पीट कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद इन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया।जिसमें दो लोग गंभीर रूप से जख्मी है। पुलिस हमले के आरोप में मयूर काठे,नितिन डांबाले,सागर



वलवी,विशाल,भालेराव,प्रशांत कोरडा,स्वप्निल भावर,सागर यमगर सहित 15 से 20 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

**झगड़े की वजह बना डीजे**

हिंसक भीड़ के हमले में बुरी तरह जख्मी कुंदन सिंह ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए जाते समय कुछ लोग जबरन भक्तो की भीड़ में घुस आए और उन्हें डीजे पर उनकी पसंद का गाना बजाने को कहा। जब उन्हें रोका गया तो वह भड़क गए लेकिन किसी तरह समझाकर उन्हें वापस भेज दिया गया। कुंदन सिंह ने बताया कि विसर्जन के बाद जब हम लोग वापस लौटे तो फिर कहासुनी शुरू हो गई और इसके बाद रात करीब साढ़े ग्यारह बजे 30 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया जो लाठी डंडों से लैस थे। भीड़ के हमले में ब्रिजेंद्र मिश्रा,कुंदन सिंह,संतोष तिवारी,प्रदीप झा,नीलेश यादव घायल हुए है।




# मुंबई में समीर वानखेड़े के पिता बने ऑनलाइन ठगी के शिकार...

## सूखे मेवे ऑर्डर करने में हुआ 31,000 रुपये का नुकसान



**मुंबई** : मुंबई में 74 वर्षीय सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) से ऑनलाइन ड्राई फ्रूट ऑर्डर करते समय कथित तौर पर 31,019 रुपये की धोखाधड़ी की गई है। यह रिटायर्ड एसीपी जाने माने भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी समीर वानखेड़े के पिता सेवानिवृत्त एसीपी ज्ञानदेव कचरूजी वानखेड़े हैं। मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी। प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी समीर वानखेड़े के पिता ज्ञानदेव कचरूजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर विज्ञापन को देखकर उसमें दिए गए मोबाइल नंबर पर 22 अक्टूबर को सूखे मेवे का ऑर्डर दिया था। एक अधिकारी ने बताया कि नंबर पर कॉल करने और 2,000 रुपये का ऑर्डर देने के बाद उन्होंने यूपीआई के जरिए रकम भेजी। ऑर्डर देने के कुछ समय बाद पीड़ित को एक व्यक्ति का फोन आया जिसमें दावा किया गया कि उनका पार्सल तैयार है, लेकिन जीएसटी (माल एवं सेवा कर) मुद्दों के कारण ऑर्डर 'लॉक'हो गया है। इसके बाद पीड़ित ने फोन करने वाले से कहा कि उन्हें सूखे मेवों की जरूरत नहीं है और उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे। इस पर फोन करने वाले ने उनसे दिए गए यूपीआई नंबर पर एक रुपया भेजने को कहा, ताकि वह पैसे वापस कर सके।अधिकारी के अनुसार, फोन करने वाले ने उनसे दिए गए लिंक पर एक कोड डालने के और कुछ नंबर दर्ज करने को कहा। उन्होंने बताया कि जैसे ही पीड़ित ने लिंक पर नंबर डाला, उन्हें अपने बैंक खाते से पैसे काटे जाने का संदेश मिला।

अधिकारी ने बताया कि उनसे 31,019 रुपये की ठगी की गई। उन्होंने कहा कि वानखेड़े ने ओशिवारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद 22 अक्टूबर को भारतीय दंड संहिता की धारा 419 और 420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# बीड में भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित होकर पलटी बस... पांच की मौत 22 घायल




**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के बीड में बुधवार-गुरुवार को दो भीषण सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, एक हादसा गुरुवार सुबह करीब करीब छह बजे आष्टा-फाटा रोड पर हुआ, जब मुंबई से बीड जा रही एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस का कहना है कि बस की गति तेज थी और अचानक से ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में से चार बीड के निवासी थे और एक यवतमाल का निवासी था। हादसे में 22 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है और 22 लोग घायल हुए हैं। खबर के अनुसार, एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा गुरुवार सुबह को हुआ। हादसे की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे बीड में धामनगांव-अहमदनगर रोड पर अंभोरा में तेज रफ्तार से जा रही एक एम्बुलेंस एक ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसे में, एंबुलेंस में सवार चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस अहमदनगर जा रही थी। उसके चालक और दो अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल चिकित्सक की अहमदनगर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान डॉ राजेश झिनझुरके (35) और एंबुलेंस के चालक भरत लोखंडे (35) के रूप में हुई है जो आष्टी के रहने वाले हैं जबकि अन्य दो मृतक मनोज तिरपुडे और पप्पू तिरखुंडे पाथर्डी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# 35 लाख रु. का सामान लूटने वाला गिरफ्तार



**पालघर** : पुलिस ने एक गिरोह के मुखिया को गिरफ्तार किया है जिसने तीन महीने पहले नवी मुंबई में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी के आवास पर फर्जी छापेमारी कर नकदी और 35 लाख रुपये मूल्य का कीमती सामान लूटा था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष 21 जुलाई को खुद को एसीबी का अधिकारी बताकर छह लोग ऐरोली में शिकायतकर्ता के घर में घुस गए थे। शिकायतकर्ता पूर्व में पीडब्ल्यूडी में कार्यरत था। अधिकारी ने बताया कि गिरोह ने तलाशी ली और नकदी तथा 34.85 लाख रुपये मूल्य का कीमती सामान लेकर फरार हो गए। गिरोह ने कथित तौर पर धमकी दी थी कि अगर शिकायतकर्ता ने विरोध किया तो वे उसकी पत्नी को मार देंगे। रबाले पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के बाद, धोखाधड़ी का मामला दर्जकिया था।

# मुंबई में आवारा कुत्तों का आतंक... पोस्टमैन को घेरकर किया अटैक, हैरान करने वाला



**मुंबई** : इन दिनों देश के अलग अलग हिस्सों में कुत्तों का आतंक काफी बढ़ गया है. कुत्तों के काटने की वजह से कई लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है. सोशल मीडिया पर भी ऐसी घटनाओं के कई वीडियो वायरल हुए हैं. इस बीच एक और मामला सामने आया है. मुंबई से आवारा कुत्ते के हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में पांच अवारा कुत्ते एक पोस्टमैन को घेर लेते हैं और उनपर हमला कर देते हैं. हालांकि पास मौजूद गार्ड की वजह से पोस्टमैन की जान बच पाती है. यह घटना मुंबई स्थित पवई के वीनस बिल्डिंग सनसिटी कॉम्पलेक्स की बताई जा रही है. वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह आवारा कुत्तों का समूह पोस्टमैन पर हमला कर देता है. इसके बाद पोस्टमैन जान बचाने के लिए गार्ड की तरफ भागता है.

# मुंबई में बुजुर्ग कपल से 4 करोड़ की ठगी... पति-पत्नी चार महीने तक पैसे ट्रांसफर करते रहे

# साइबर क्रिमिनल ने रेड की धमकी दी



**मुंबई** : मुंबई में एक बुजुर्ग कपल के साथ 4 करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। साइबर क्रिमिनल ने खुद को प्रॉविडेंट फंड ऑगेर्नाइजेशन से जुड़ा बताया। फिर PF के 11 करोड़ रुपए देने का लालच देकर चार महीनों तक पति-पत्नी से दर्जनों अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवाए। जब पति-पत्नी का अकाउंट खाली हो गया तो आरोपी ने और पैसे देने को कहा। इसके बाद इनकम टैक्स की रेड करवाने की धमकी दी। अपने साथ हुई साइबर ठगी का पतला चलने के बाद कपल ने मंगलवार (24 अक्टूबर) को कफ परेड पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई।

**अलग-अलग कारण बताकर कपल से रुपए ट्रांसफर करवाए**

आरोपी ने TDS, GST और इनकम टैक्स जमा करने के लिए कपल को पैसे ट्रांसफर करने को कहा। महिला के झांसे में आकर कपल ने अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए। ये सिलसिला चार महीने तक चलता रहा। महिला अलग-अलग कारण बताकर कपल से पैसे मांगती रही। जब पति-पत्नी का अकाउंट खाली हो गया तो उन्होंने आरोपी महिला को फोन किया और अपने पैसों की मांग की। इस पर आरोपी ने कपल को पैसे देने से इनकार कर दिया और उनके घर पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी करवाने की धमकी दी।

## अपराधी के पास पैन कार्ड और रिटायरमेंट से जुड़ी जानकारी थी

बुजुर्ग कपल नामी कॉपोर्रेट कंपनियों से रिटायर हैं। पति-पत्नी की उम्र करीब 70 साल है। पत्नी ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें एक महिला का फोन आया था। उसने उस कंपनी का नाम बताया, जहां शिकायतकर्ता के पति काम करते थे। आरोपी महिला ने उनके पैन कार्ड और रिटायरमेंट की जानकारी भी दी। ऐसी पर्सनल जानकारियां बताकर आरोपी ने कपल का विश्वास जीता। इसके बाद उसने बुजुर्ग महिला को बताया कि उनके पति की कंपनी ने प्रॉविडेंट फंड में 4 लाख रुपए इन्वेस्ट किए थे। 20 साल में उसकी मैच्योरिटी पूरी हो गई है और अब उन्हें 11 करोड़ मिलने वाले हैं।


# अदालत ने ध्वनि प्रदूषण नहीं रोक पाने पर मुंबई पुलिस को लगाई फटकार



**मुंबई** : बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि मस्जिद में लगे लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई पुलिस की ड्यूटी है। कुर्ला (पूर्व) के नेहरू नगर और चूनाभट्टी इलाके में बिना पुलिस के परमीशन से मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर से ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। इसको लेकर अदालत ने परिमंडल-6 के पुलिस उपायुक्त को हलफनामा दायर कर जवाब देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 9 नवंबर को रखी गई है। न्यायमूर्ति ए.एस.गडकरी और न्यायमूर्ति श्याम छगनलाल चंदक की खंडपीठ के समक्ष गुरुवार को न जागो नेहरू नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिजीत कुलकर्णी की ओर से वकील कौशिक म्हात्रे की दायर याचिका पर सुनवाई हुई।

# नवी मुंबई में सनसनीखेज वारदात

## शख्स के खिलाफ नाबालिग बहन से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज



**ठाणे** : नवी मुंबई के 20 वर्षीय एक युवक के खिलाफ नाबालिग बहन के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने और 2016 से कई बार आप्रकृतिक यौन संबंध बनाने का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्राथमिकी के अनुसार, 17 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह नौ साल की थी, तब से उसका भाई उस पर यौन शोषण करता आ रहा है। पुलिस ने बताया कि जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकी दी और उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता ने बुधवार को एनआरआई पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। भाई-बहन नवी मुंबई में सीवुड्स इलाके के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके भाई ने अगस्त 2016 से 2021 तथा पिछले साल फरवरी से अक्टूबर के बीच कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com